प्रति,

संपादक महोदय/महोदया,

....

.............................…...........

विषय: पीड़ित सहायक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए जल समाधि (सांकेतिक) को कवर करने हेतु सादर आमंत्रण

हम, सरगुजा एवं बस्तर संभाग में कार्यरत बीएड उपाधिधारी सहायक शिक्षक, विगत 15 महीनों से अपनी सेवा-सुरक्षा के संकट का सामना कर रहे हैं। हमारे जैसे हजारों शिक्षक, जो अपने जीवन के बहुमूल्य वर्ष शिक्षा सेवा में समर्पित कर चुके हैं, आज अनिश्चितता और बेरोजगारी के भय में जी रहे हैं। हमारी पीड़ा को समाज और सरकार तक पहुँचाने के लिए नवा रायपुर स्थित तूता धरना स्थल पर बीते 11 दिनों से बीएड प्रशिक्षित आदिवासी सहायक शिक्षकों का आंदोलन जारी है। नौकरी की सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर शिक्षकों ने गौ सेवा, शिव महापुराण में आशीर्वाद प्राप्त करने से लेकर सामूहिक मुंडन और यज्ञ जैसे शांतिपूर्ण तरीकों से विरोध जताया। बावजूद इसके, उनकी मांगों पर कोई समाधान नहीं निकला है।

यह जल समाधि (सांकेतिक) दिनांक 30 दिसंबर 2024 (सोमवार) को तुता स्थल में स्थित तालाब में होगा।

हमारा उद्देश्य शांतिपूर्ण और संवेदनशील तरीके से अपनी सेवा-सुरक्षा की अपील को सरकार तक पहुँचाना है। यह संघर्ष सिर्फ़ हमारा नहीं, बल्कि शिक्षा की गरिमा और समाज में न्याय की पुनर्स्थापना के लिए है।

हम आपसे सादर निवेदन करते हैं कि इस ऐतिहासिक एवं संवेदनशील कदम को प्रिंट मीडिया और न्यूज़ मीडिया के माध्यम से उजागर कर, हमारी आवाज़ को समाज और सरकार तक पहुँचाने में अपना सहयोग प्रदान करें। आपकी उपस्थिति हमारे संघर्ष को नई दिशा और मजबूती देगी।

आपका सहयोग न केवल पत्रकारिता के दायित्व का निर्वहन होगा, बल्कि उन शिक्षकों की उम्मीदों को भी संबल देगा, जो अपने परिवार और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आज सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं।

आप सभी मीडिया कर्मियों को हमारी इस सामूहिक जल समाधि को कवर करने के लिए सादर आमंत्रण।

स्थान: तुता मैदान, नवा रायपुर

दिनांक: 30 दिसंबर 2024 (सोमवार)

समय: दोपहर 12 बजे

आपकी उपस्थिति और सहयोग की अपेक्षा में,

सादर,

बीएड उपाधिधारी सहायक शिक्षक संघ

(सरगुजा एवं बस्तर संभाग)